# लोन से परेशान पति-पत्नी ने लगाई फांसी




**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले में एक लोम हर्षक घटना में नव विवाहिता पति और पत्नी ने फांसी में झूल कर अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। घटना जिले के केस वही चौकी क्षेत्र अंतर्गत मजीरा गांव की है।

घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मजीरा निवासी बोधन सिंह गोंड उम्र लगभग 25 वर्ष और उसकी पत्नी उर्मिला सिंह गोंड उम्र लगभग 21 वर्ष ने कुछ कार्यों के लिए समूह लोन लिया हुआ था। लोन की कुछ किश्त इन दोनों पर बाकी थी। इसी लोन की किश्त चुकाने के लिए बोधन के पिता ने शुक्रवार को अपने बेटे और बहू को डांटा था। लेकिन यह लोन दोनों को इतनी नागवार गुजरी की उन्होंने शुक्रवार रात अपने कमरे के अंदर फांसी लगा ली। घर के लोगों को इस घटना का पता तब चला जब परिवार के अन्य लोगों ने काफी देर तक दोनों की आहट न मिलने पर दरवाजा खटखटाया। और इसके बाद भी जब कोई आहट नहीं लगी तो उन्होंने दरवाजे को तोड़ा तो देखा कि दोनों फांसी पर झूल रहे थे। पुलिस के अनुसार दोनों की शादी अभी एक साल पहले ही हुई थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है और विवेचना कर रही है।

## मझौली में दीवार गिरने से बुजुर्ग दंपती की मौत



**मझौली, देशबन्धु।** केशवाही के मझौली क्षेत्र में एक दिल दहलाने वाला हादसा सामने आया। बीती रात हुई तेज बारिश में दीवार ढहने एक बुजुर्ग दंपती की दबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के समय दोनों सो रहे थे, तभी उनके ऊपर दीवार गिर गई। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना सुबह 4 बजे की है। जवाहर महरा (65) और उनकी पत्नी डोमनिया महरा (60) अपने घर के भीतर सो रहे थे, जब अचानक दीवार उनके ऊपर गिर गई। जिसके नीचे दबने से दोनों बुजुर्ग दंपती की मौत हो गई। उनका पोता, जो पास ही सो रहे था वह सुरक्षित है।

पुलिस के अनुसार बाजू के कमरे में बुजुर्ग दंपती के पुत्र और बहू सोए हुए थे। दीवार गिरने की तेज आवाज सुनकर दोनों ने दौड़ लगा दी और आस पड़ोस के लोगों की मदद मांग कर मलबे को हटाया गया। घायल अवस्था में दोनों बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। पोता जो बुजुर्ग का दंपती के पास सोया हुआ था, वह जहां मालवा गिरा है वह उससे काफी दूर था।

चौकी प्रभारी आशीष झरिया ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि दुर्भाग्यवश, कच्चे मकान की दीवार तेज बारिश के कारण भीग गई थी और रात में गिर गई। परिवार के अन्य सदस्यों ने तेज आवाज सुनकर दौड़कर मदद की। स्थानीय लोगों की मदद से मलबे को हटाकर दोनों को निकाला गया। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी सुबह ही पुलिस को दी गई थी।

जानकारी के बाद मौके पर पुलिस पहुंच अपनी जांच कर रही है। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले पर मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया है। मौके पर राजस्व और पुलिस के अधिकारी पहुंच रहे हैं। शुक्रवार सुबह से ही बारिश का दौर शुरू है, बीती रात काफी बारिश हुई है। जिससे निचले स्तर में जल भराव हो गया है कई नदी नाले उफान में है।

# मिड-डे मील खाकर कई बच्चों की तबीयत बिगड़ी, तीन गंभीर

## एक बच्चे की थाली में मिली मरी हुई छिपकली

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** ब्यौहारी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय चरका में मिड-डे मील खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ब्यौहारी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय चरका में उस समय हड़कंप मच गया, जब मिड-डे मील खा रही एक बच्ची के थाली में मरी हुई छिपकली दिखाई दी। शुरुआत में जिन बच्चों ने मध्यान भोजन को खाया उनकी तबीयत बिगड़ गई। कुछ ने तो वहीं उल्टियां शुरू कर दीं और कुछ बच्चे घर पहुंचने के बाद बीमार पड़े। इसमें तीन का इलाज सिविल हॉस्पिटल ब्यौहारी में जारी है।

ब्लॉक मेडिकलऑफिसर निशांत सिंह परिहार ने कहा तीनों बच्चों की उम्र 12 और 13 वर्ष के बीच है। जब इन बच्चों को अस्पताल लाया गया था तो उनकी हालत गंभीर थी। उन्हें भर्ती कर उपचार किया गया। अब इनकी हालत बेहतर है। ऑब्जरवेशन के लिए उन्हें अस्पताल में अभी भर्ती रखा गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों के परिजनों का कहना था कि स्कूल में मध्यान भोजन में छिपकली गिर गई थी और खाना खाने के बाद ही इनकी तबीयत बिगड़ी है। बीएमओ के अनुसार पूनम साहू पिता हनुमानदीन, नेहा सेन पिता महेश सेन, आशियाना साहू पिता राम जी साहू का अस्पताल में भर्ती हैं।

नेहा सेन के पिता महेश सेन जब अपनी बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे तो उनकी बच्ची की हालत काफी नाजुक थी। डॉक्टर ने तत्काल नेहा को भर्ती कर उपचार किया। नेहा के पिता ने बयान दिया कि नेहा ने ठीक होने के बाद बताया कि स्कूल में मध्यान भोजन में छिपकली गिर गई थी और उसकी थाली में वह मिली थी। गांव के सरपंच बनवारी सिंह ने कहा कि वह स्वयं सहायता समूह द्वारा लापरवाही बरती गई है। हम इस मामले पर पंचायत में एक बैठक करेंगे।

## सार-समाचार

### उमरिया में पीएम ग्राम सड़क योजना की सड़क धंसी

#### पिनौरा-छपरी मार्ग पर बना बड़ा गड्ढा, 50 गांवों का संपर्क मार्ग खतरे में



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में लगातार चार दिनों से हो रही बारिश के कारण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क में गड्ढा हो गया है। यह घटना नौरोजाबाद तहसील क्षेत्र के पिनौरा से छपरी पहुंच मार्ग पर हुई है।सड़क के किनारे की मिट्टी धंसने से बना गड्ढा करीब 50 गांवों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग को प्रभावित कर रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की उप यंत्री नीरज द्विवेदी ने स्थिति की जानकारी दी है।

उप यंत्री के अनुसार, क्षेत्र में पहले से मौजूद पाइप लाइन की वजह से मिट्टी धंसी हो सकती है। प्रशासन ने मौके पर टीम भेज दी है। जल्द ही सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। अधिकारी स्थिति की जांच कर रहे हैं और सुधार कार्य की योजना बना रहे हैं।

### जोहिला डैम के दो गेट खोलकर पानी छोड़ा



उमरिया जिला मुख्यालय का संपर्क बिलासपुर से टूटा; कई इलाकों में पुलिस तैनात

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में बुधवार रात से जारी बारिश शनिवार को भी जारी है। इससे नदी-नालों में उफान आ गया है। बन्ना नाला और सिंदूरी नदी में पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। इससे बिलासपुर का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। चंदिया की कथली नदी का जल स्तर बढ़ा है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष बारिश में काफी वृद्धि हुई है। 1 जून से 5 जुलाई 2023 तक जहां 4 इंच से कम औसत बारिश हुई थी। वहीं इस वर्ष इसी अवधि में 13.2 इंच ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। बिलासपुर पुलिस क्षेत्र में तैनात है। चौकी प्रभारी कमल दीवान ने बताया है कि सभी जगह निगरानी की जा रही है।24 घंटों को दौरान हुई बारिश पिछले 24 घंटों में नौरोजाबाद में सबसे अधिक 138.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। चंदिया में 128.6 मिमी और बिलासपुर में 128.4 मिमी बारिश हुई। पाली में 95.8 मिमी, बांधवगढ़ में 81.6 मिमी, करकेली में 74.9 मिमी और मानपुर में 62.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। अब तक बरसा पानी1 जून से 5 जुलाई तक चंदिया में सर्वाधिक 464.2 मिमी बारिश हुई। बिलासपुर में 454.1 मिमी, बांधवगढ़ में 319.6 मिमी, नौरोजाबाद में 295.2 मिमी, करकेली में 271.8 मिमी, पाली में 249.4 मिमी और मानपुर में 190.1 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### विशेष ध्यान शिविर सात को

**शहडोल, देशबन्धु।** पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटी ब्रम्हर्षि पत्रीजी की दिव्य प्रेरणा से शहडोल में 7 जुलाई को ध्यान शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इस संस्था की ध्यान गुरु दीप्ति नादेल्ला शहडोल में ध्यान शिविर के दौरान लोगों को ध्यान करने के तरीके सिखाएंगी। उक्त जानकारी देते हुए शिविर से जुड़े गौरी शंकर गुप्ता ने बताया कि सोमवार, 7 जुलाई सायं 3.30 बजे से 6.30 बजे तक पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर प्रथम मंजिल शहडोल में यह ध्यान शिविर होगा। श्री गुप्ता ने कहा कि ध्यान से शांत चित्त, क्रोध और तनाव से मुक्ति, शरीर का कायाकल्प, भावनात्मक स्थिरता ,कार्य कुशलता में वृद्धि और संबंधो मे मिठास आती है।

### इटवाकलां में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में गत गुरूवार को ग्राम पंचायत इटवाकलां में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस मौके पर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ द्वारा उपस्थित ग्रामीणजनों को विधिक साक्षरता शिविरों की उपयोगिता व महत्व की जानकारी प्रदान कर प्राधिकरण द्वारा संचालित नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के बारे में अवगत कराया गया। सचिव ने ग्रामवासियों को नि:शुल्क अधिवक्ता सेवा उपलब्ध कराने की पात्रता व प्रक्रिया की जानकारी भी दी। साथ ही शासकीय योजनाओं व शासन की सुविधाओं का लाभ उचित माध्यम से प्राप्त न होने पर अनिवार्य रूप से प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क करने की सलाह दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने पॉक्सो अधिनियम, दहेज प्रतिषेध एवं घरेलू हिंसा अधिनियम तथा अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी प्रदान की। शशांक चतुर्वेदी एवं रोहित नायक द्वारा लीगल एड डिफेंस काउसिंल प्रक्रिया के विषय के बारे में बताया गया। शिविर में सचिव गनेश प्रसाद कुशवाहा सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# लगातार बारिश से घोरमरा गांव जलमग्न, घरों में घुसा पानी

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के जनपद करकेली के ग्राम जरहा अंतर्गत घोरमरा गांव में बीते 24 घंटे से जारी मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। गांव की गलियों से लेकर घरों तक चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। भारी बारिश के कारण गांव में जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे ग्रामीणों की रोजमर्रा की गतिविधियां ठप हो गई हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, घोरमरा गांव हर साल बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से जूझता है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। इस बार भी हालात पहले जैसे ही हैं, बल्कि कुछ ज्यादा ही खराब होते नजर आ रहे हैं। गांव की निचली बस्तियों में रहने वाले लोगों के घरों तक पानी पहुंचने लगा है और यदि बारिश का सिलसिला यूं ही जारी रहा तो आने वाले दिनों में लोगों के घरों में पानी घुसना तय है।



घोरमरा गांव जलमग्न

स्थानीय निवासी रामकुमार पटेल ने बताया कि गांव में वर्षों से जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। थोड़ी सी भी तेज बारिश होती है तो पानी जमा होने लगता है और इस बार तो बारिश थमने का नाम ही नहीं ले रही। उन्होंने कहा कि कई बार पंचायत स्तर से लेकर जनपद अधिकारियों तक को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि जलभराव की वजह से बच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है। कीचड़ और फिसलन भरी गलियों में चलना मुश्किल हो गया है। दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि लोग बाजार तक नहीं पहुंच पा रहे।

गांव के बुजुर्गों का कहना है कि पहले भी कई बार इसी तरह की स्थिति आई थी, मगर इस बार हालात और ज्यादा चिंताजनक हैं। खेतों में पानी भर जाने से फसलें भी प्रभावित हो सकती हैं, जिससे आने वाले समय में आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत कार्य शुरू करने और जल निकासी के लिए मशीनें लगाने की मांग की है। साथ ही स्थायी समाधान के रूप में नालियों की सफाई, नई जल निकासी लाइन और निचले क्षेत्रों में उठाव कार्य कराने की मांग की गई है। यदि समय रहते प्रशासन हरकत में नहीं आया, तो यह जलभराव गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं और संक्रामक बीमारियों का रूप ले सकता है। ग्रामीणों की मांग है कि इसे प्राकृतिक आपदा मानते हुए राहत शिविर की भी व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित स्थान पर ठहराया जा सके।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में खुला बफर जोन का तीसरा गेट

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने मानपुर बफर परिक्षेत्र में ज्वालामुखी गेट पर्यटकों के लिए खोल दिया है। यह बफर जोन का तीसरा गेट है। इससे पहले पचपेड़ी और पनपथा बफर जोन में पर्यटक सफारी कर रहे थे।

ज्वालामुखी गेट में 30 किलोमीटर का पर्यटन मार्ग है। इसे पांच अलग-अलग रूट में विभाजित किया गया है। इन क्षेत्रों में पर्यटकों को बाघ, भालू, तेंदुआ और अन्य शाकाहारी-मांसाहारी वन्य प्राणियों के दर्शन होंगे। यहां चिंकारा भी अधिक संख्या में दिखाई देते हैं। क्षेत्र में दुर्लभ वनस्पतियों के साथ ऐतिहासिक स्थल ज्वालामुखी के भी दर्शन कर सकेंगे।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि सभी मार्गों को दुरुस्त कर दिया गया है। टाइगर रिजर्व के सभी क्षेत्रों में बाघ देखने को मिलते हैं। प्रबंधन ने कोर एरिया में सफारी बंद होने के बाद बफर में सफारी शुरू करने का निर्णय लिया है। शुरुआती एक सप्ताह तक सफारी निन्शुल्क रहेगी। इसके बाद टिकट जारी किए जाएंगे।

## बांधवगढ़ में शुरू किया पशु टीकाकरण अभियान

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन और वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट की टीम ने अभियान की शुरुआत कर दी है। टाइगर रिजर्व के लगभग 80 गांवों में यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें 20 हजार से अधिक मवेशियों का टीकाकरण किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जंगल के वन्य प्राणियों को रोगों से सुरक्षित रखना है। साथ ही सीमावर्ती गांवों में दुधारू और पालतू पशुओं को गंभीर बीमारियों से बचाना है। यह पहल वन्य जीव संरक्षण और ग्रामीण आजीविका की सुरक्षा, दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन की टीम पूरे अभियान की निगरानी करेगी।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय के अनुसार, टीकाकरण से खुरपका-मुंहपका, गलघोंटू और एक टांगिया जैसी बीमारियों से बचाव होगा। टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक को टीम के साथ गांवों में रहकर टीकाकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## रेलवे महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा

**शहडोल, देशबन्धु।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक महोदय तरुण प्रकाश के शहडोल प्रथम आगमन पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रोम्पी सिंह के नेतृत्व में महाप्रबंधक को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं हेतु ज्ञापन सौंपा। महाप्रबंधक और सभी अधिकारियों ने समस्याओं को सुना और उसके शीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभाग और अधिकारी को निर्देश दिया।



मांगों में प्रमुख रूप से ट्रैक मेंटेनर कर्मचारियों को शीघ्र ही सेफ्टी डिवाइस प्रदान करना, रनिंग कर्मचारियों के लिए साइन ऑन से साइन ऑफ 9 घंटे की वर्किंग को लागू करना, बिलासपुर मंडल के ट्रेन मैनेजर के लिए शीघ्र लाइन बॉक्स चालू करना और महाप्रबंधक द्वारा जीडीसीई और एलडीसीई का हर वर्ष का कैलेंडर निकालना और हर वर्ष परीक्षा करने के लिए कहा गया है जिससे कोई भी कर्मचारी अपने अधिकारों से वंचित न रहे। शहडोल स्टाफ को रेलवे हॉस्पिटल में आ रही समस्याओं और सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी के कर्मचारियों के साथ खराब व्यवहार और परेशान करने के विषय पर बताया। इस पर उन्होंने शीघ्र समाधान के लिए निर्देशित किया।

## एसडीएम ने किया नौरोजाबाद नगर पंचायत के कचरा प्रसंस्करण स्थल का निरीक्षण



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के नौरोजाबाद नगर पंचायत स्थित प्रोसेसिंग प्लांट का हाल बेहल है। बीते दिनों अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार के द्वारा जब नगर पंचायत के कचरा प्रसंस्करण स्थल का जायजा लेने पहुंचे तो देखा कि नालियों में गन्दगी और वार्डो में साफ सफाई का अभाव है।

कचरा वाहन खरीदें तो जातें हैं पर चलवाने की बजाय खड़े खड़े जंग खा रहे हैं। वहीं वार्ड वासी सफाई के आभाव में बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। अधिकारी मालामाल कारण जब एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह ने मौका स्थल पर पहुंच कर आंखों हाल देख दांतों तले उंगली दबा रह गए।

प्राप्त जानकारी अनुसार जहां कचरा प्रसंस्करण स्थल पर आधुनिक नई नई मशीनें बाटल श्रोडर डस्ट कन्ट्रोलर मशीन ई रिक्स कचरा वाहन बंद पड़ी है तों कुछ मशीनें वर्षों पहले खरीदी तो गई सप्लायर के भुगतान भी हो गए लेकिन आज दिनांक तक उन मशीनों के विधुत कनेक्शन भी नहीं हुए और ज्यों कि त्यों खड़ी हैं।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं बड़ी राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई देखना लाजमी होंगा की जिम्मेदार अधिकारियों की अब तक नजर क्यों नहीं गई जनप्रेक्ष है की इस बड़े एवं चर्चित मामले की सूक्ष्म जांच करा बेपरवाह अधिकारीयों पर उचित कार्यवाही की दरकार है।

# शहडोल में महिलाओं ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

**शहडोल, देशबन्धु।** मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल राजेश कुमार राय के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल श्रद्धा पन्द्रे के मार्गदर्शन में वनमण्डल दक्षिण शहडोल के वन परिक्षेत्र शहडोल के बीट निपनियॉ के कक्ष क्रमांक- आर एफ 745 में वन महोत्सव जुलाई में महिला ऑफिसर्स वाईफ्स क्लब शहडोल द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला आफिसर्स द्वारा 'एक पेड़ मॉ के नाम योजना के तहत् फलदार, छायादार एवं दुर्लभ एवं आस्था मूलक प्रजातियों का रोपण किया गया।

रोपण के दौरान महिला आफिसर्स द्वारा रोपिया किये गये पौधे ऑवला, जामुन , आम, कटहल, पीपल, बरगद के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला ऑफिसर्स द्वारा प्रकृति एवं वृक्षों के संबंध में गीत प्रस्तुत किये गये।



वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्राम वन समिति निपनियॉ के सदस्य भी सहभागिता की। कार्यक्रम में वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल सुश्री श्रद्धा पन्द्रे द्वारा पौधा रोपण की तकनीकी के बारे में सूक्ष्मता से जानकारी दी गई। पौधा रोपण कार्यक्रम में वन परिक्षेत्राधिकारी शहडोल रामनरेश विश्वकर्मा एवं परिक्षेत्र शहडोल का समस्त स्टाफ वन महोत्सव के इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सिंगरौली में ध्वज फहरा कर सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ

**सिंगरौली, देशबन्धु।** जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 5 जुलाई 2025 से सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारम्भ डीके सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (ओ एण्ड एम) एवं एके श्रीवास्तव, एडवाईजर (मानव संसाधन) द्वारा सुरक्षा ध्वज फ्हराकर किया गया।

इस कार्यक्रम में 5 जुलाई 2025 दिन शनिवार प्रात:काल 10:00 बजे एक पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया तत्पश्चात् संस्थान में सभी कार्य सुरक्षित ढंग से किये जायें, इसके लिए सुरक्षा शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात् 5 जुलाई 2009 को बलियारी स्थित बारूद फैक्ट्री में जिन लोगों की मृत्यु हुई थी उन्हें श्रद्धांजली अर्पित करने हेतु दो मिनट का मौन धारण किया गया। डी. के. सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (ओ एण्ड एम) ने अपने संब0धन में कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये 3। फैक्टर (अवेरनेस, एसेसमेंट और इंम्लीमेंट एक्शन) का उपयोग करें जिससे दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है।

इस कार्यक्रम में नवीन तिनगुरिया, एके सिंह, वीएस पाण्डेय, विक्रम सिंह गहरवार, एम. मुरलीकृष्णा, अरून कुमार उपाध्याय, निखिल तिवारी, स. प्रबंधक संरक्षा, प्रवीण कुमार तिवारी, व उनकी टीम के अलावा सभी जेपी प्लांट के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।